RNI No. : UPHIN/2017/74695

डाक पंजीकरण सं. :
एस.एस.पी./एल.डब्लू./एन.पी. - 558/2024-2026

# स्टूडियो न्यूज

वर्ष : 9 अंक : 10 | लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 10 रूपये



SIGMA

ART
35mm F1.4 DG II



LK SAMYANG
BAJAJ FINSERV
EMI AVAILABLE
Prima Series
Beyond Lightweight
2 YEARS WARRANTY
NEW
@nullnullphotos
AF 35 / 1.8 P FE
Full Frame E-mount
AF 35mm F1.8 P FE
AF 16mm F2.8 P FE
AF 35mm F1.4 P FE
AF 85mm F1.8 P FE
www.lksamayang.com
INNOVATIVE TECH
DISTRIBUTION PVT LTD
Importer and Distributor for North India
308 A, 3rdFloor, NDM 1 Tower,
Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi - 110034
Web: www.intechdistribution.com , Email : intechdelhi@gmail.com
Follow SAMYANG - INDIA NORTH on
Information & Sales - 011-43082205, 9050806575, Service Centre- 9871272689

Canon
Delighting You Always




नई शुरुआत
EOS R6
Mark III

शक्ति पहचानें, जुनून जगाएँ



**32.5-मेगापिक्सेल के साथ 7K 30p ओपन गेट रिकॉर्डिंग**

EOS R सीरीज़ का पहला कैमरा – EOS R6 Mark III, ओपन गेट रिकॉर्डिंग के साथ आता है, जो प्रोफेशनल्स द्वारा पसंद की जाने वाली एक ताकतवर वीडियो फीचर है। इस फीचर में वीडियो रिकॉर्डिंग के दौरान पूरे 3:2 फुल-फ्रेम 32.5-मेगापिक्सेल सेंसर का उपयोग होता है, जिससे आपको ज़्यादा से ज़्यादा रेज़ोल्यूशन मिलता है और पोस्ट-प्रोडक्शन में एडिटिंग के लिए बेहतरीन लचीलापन मिलता है।



**12-बिट RAW, Canon Log 2 & 3**

EOS R6 Mark III वीडियो में 12-बिट RAW रिकॉर्डिंग और Canon Log 2 & 3 के साथ प्रोफेशनल-लेवल कलर फ्लेक्सिबिलिटी देता है। यह सेटअप वीडियो में ज़्यादा डीटेल, स्मूथ टोनल ट्रांज़िशन और बेहतर शेडो-हाइलाइट जानकारी देता है। ये गामा कर्व्स डायनेमिक रेंज को बढ़ाने और सिनेमैटिक वर्कफ़्लो में एडवांस ग्रेडिंग के लिए तैयार किए गए हैं।



**4K 120p और 2K 180p**

EOS R6 Mark III एडवांस स्लो-मोशन वीडियो क्षमता के साथ आपके प्रोजेक्ट्स में सिनेमैटिक क्रिएटिविटी लाने में मदद करता है। 4K 120p और 2K 180p तक रिकॉर्डिंग के साथ, आप तेज़ गति वाले सीन को अल्ट्रा-स्मूद स्लो-मोशन में कैप्चर कर सकते हैं, जिससे हर मूवमेंट में ड्रामा और डीटेल जुड़ती है और आपके प्रोजेक्ट के उद्देश्य के अनुसार विज़ुअल इम्पैक्ट बढ़ता है।




**स्मूद स्किन इफ़ेक्ट**

EOS R6 Mark III में स्टिल्स और वीडियो दोनों के लिए नया स्मूद स्किन इफ़ेक्ट दिया गया है। यह फीचर बिना किसी पोस्ट-प्रोडक्शन रिटचिंग के, सीधे कैमरे से नेचुरल और आकर्षक स्किन टोन देता है, ताकि आपका कंटेंट और भी प्रोफेशनल लगे।




**रिले/प्रॉक्सी/सब रिकॉर्डिंग**

EOS R6 Mark III में एडवांस रिले, प्रॉक्सी और सब रिकॉर्डिंग विकल्प दिए गए हैं, जो प्रोफेशनल वर्कफ़्लो को बिना रुकावट जारी रखने में मदद करते हैं। ये फीचर्स प्रोडक्शन के दौरान ज़्यादा लचीलापन और बेहतर काम की गति सुनिश्चित करते हैं।




**40 fps इलेक्ट्रॉनिक शटर + 20-फ़्रेम प्री-कैप्चर**

EOS R6 Mark III अपने इलेक्ट्रॉनिक शटर के साथ प्रति सेकंड 40 फ़्रेम तक शूट कर सकता है, और शटर दबाने से पहले भी 20 फ़्रेम तक कैप्चर कर लेता है। यह फीचर तेज़-गति या अनिश्चित मूवमेंट वाले विषयों को कैप्चर करने के लिए बेहद उपयुक्त है।



**रजिस्टर पीपल प्रायोरिटी AF**


EOS R6 Mark III में रजिस्टर पीपल प्रायोरिटी AF फीचर दिया गया है, जो स्टिल्स और वीडियो दोनों में सब्जेक्ट ट्रैकिंग को और बेहतर बनाता है। इस फीचर की मदद से आप कैमरे में 10 तक चेहरे रजिस्टर कर सकते हैं, ताकि भीड़ भरे वातावरण में भी वही चेहरे फ़ोकस के लिए सबसे ज़्यादा प्राथमिकता में रहें।



**इन-बॉडी IS और सब्जेक्ट ट्रैकिंग IS**

EOS R6 Mark III अपने एडवांस्ड इन-बॉडी IS के साथ (कम्पैटिबल RF लेंस के साथ जोड़ने पर) लगभग 8.5 स्टॉप तक शानदार स्टैबिलाइज़ेशन देता है। साथ ही नया सब्जेक्ट ट्रैकिंग IS मूवमेंट को प्राथमिकता देते हुए वीडियो को और स्थिर और शार्प बनाए रखता है। यह फीचर लगातार चलते-फिरते क्रिएटर्स के लिए बेहद उपयोगी है।

*उत्पाद की विशेषताएँ और लाभ इसकी तकनीकी विनिर्देशों, उपयोगकर्ता पुस्तिका और संचालन विधि पर निर्भर करते हैं। अधिक जानकारी के लिए in.canon पर जाएँ।



## सम्पादक की कलम से ...

प्रिय फोटोग्राफर्स साथियो,

**फोटोग्राफी का नया दौर:**
**टेक्नोलॉजी, AI और बदलता व्यवसाय मॉडल**

फोटोग्राफी इंडस्ट्री आज एक निर्णायक बदलाव के दौर से गुजर रही है। यह केवल तस्वीर लेने तक सीमित व्यासाय नहीं रहा, बल्कि टेक्नोलॉजी, वीडियो कंटेंट और डिजिटल डिलीवरी के साथ एक पूर्ण क्रिएटिव इंडस्ट्री में बदल चुका है। हाल के समय में जो नए उपकरण सामने आए हैं, वे यह संकेत देते हैं कि काम करने का तरीका तेजी से आधुनिक और स्मार्ट हो रहा है। अब स्टूडियो लाइटिंग सिस्टम अधिक पावरफुल, कॉम्पैक्ट और ऐप-आधारित कंट्रोल के साथ उपलब्ध हैं, जिससे छोटे शहरों और कस्बों में भी प्रोफेशनल क्वालिटी का आउटपुट संभव हो गया है।

इसके साथ ही फोटो और वीडियो के बीच की दूरी लगातार कम हो रही है। नए मल्टी-कैमरा प्रोडक्शन टूल्स ने शूटिंग, रिकॉर्डिंग और लाइव स्ट्रीमिंग को एक ही सेटअप में संभव बना दिया है। इसका सीधा असर फोटोग्राफर्स के काम पर पड़ रहा है। अब ग्राहक केवल स्टिल फोटो तक सीमित नहीं है, बल्कि वह वीडियो, रील्स और डिजिटल कंटेंट की भी मांग कर रहा है। ऐसे में फोटोग्राफर को अपने स्किल सेट को बढ़ाना और खुद को एक **"हाइब्रिड कंटेंट क्रिएटर"** के रूप में विकसित करना जरूरी हो गया है।

लेंस और एक्सेसरीज़ सेगमेंट में भी तेजी से इनोवेशन देखने को मिल रहा है। ऐसे लेंस उपलब्ध हो रहे हैं जो सिनेमैटिक लुक, परफेक्ट पर्सपेक्टिव कंट्रोल और यूनिक क्लोज़-अप एंगल्स देने में सक्षम हैं। इसके अलावा हल्के ट्राइपॉड, पोर्टेबल फ्लैश और मल्टी-यूज लाइटिंग टूल्स ने काम को अधिक सुविधाजनक और तेज बना दिया है। इसका लाभ यह है कि फोटोग्राफर कम संसाधनों में भी उच्च गुणवत्ता का परिणाम दे सकता है।

इस पूरे बदलाव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)। आज AI आधारित टूल्स फोटो एडिटिंग को सरल और तेज बना रहे हैं। बैकग्राउंड रिमूवल, कलर करेक्शन, स्टाइल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे कार्य अब कुछ ही सेकंड में संभव हो रहे हैं। यहां तक कि नई तकनीकें फोटोग्राफर की अपनी शैली को सीखकर उसी तरह की इमेज तैयार करने में सक्षम हो रही हैं। हालांकि, इसके साथ यह चुनौती भी जुड़ी है कि अत्यधिक AI उपयोग से तस्वीर की मौलिकता और विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। इसलिए AI को एक सहायक उपकरण के रूप में संतुलित उपयोग करना आवश्यक है।

छोटे शहरों, तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत फोटोग्राफर्स के लिए यह समय अवसर और चुनौती दोनों लेकर आया है। पारंपरिक कार्य जैसे पासपोर्ट फोटो या वेडिंग फोटोग्राफी अब पर्याप्त नहीं रह गए हैं। उन्हें अपने व्यवसाय मॉडल में बदलाव लाना होगा। फोटो के साथ वीडियो सेवाएं, सोशल मीडिया कंटेंट, और तेज डिजिटल डिलीवरी को अपनाना समय की मांग है। आज ग्राहक केवल गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि स्पीड और प्रेजेंटेशन को भी महत्व देता है।

स्टूडियो सेटअप में भी परिवर्तन आवश्यक है। बड़े और जटिल उपकरणों के स्थान पर कॉम्पैक्ट, मल्टी-फंक्शनल और कनेक्टेड डिवाइस अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं। तेज डेटा ट्रांसफर, बेहतर ऑडियो सिस्टम और एडवांस एडिटिंग टूल्स वर्कफ्लो को सरल और कुशल बनाते हैं। साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति मजबूत करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज के समय में पहचान और ग्राहक दोनों वहीं से आते हैं।

भविष्य की दिशा स्पष्ट है - AI और टेक्नोलॉजी फोटोग्राफी को अधिक तेज, व्यक्तिगत और परिणाम-केंद्रित बनाएंगे। लेकिन इसके बावजूद, एक सफल फोटो के पीछे फोटोग्राफर की समझ, अनुभव और दृष्टिकोण ही सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। तकनीक केवल एक माध्यम है, असली मूल्य क्रिएटिव सोच का है।

अतः यह समय खुद को अपडेट करने, नई तकनीकों को अपनाने और अपने काम को नए स्तर पर ले जाने का है। जो फोटोग्राफर इस बदलाव को समझकर आगे बढ़ेगा, वही इस प्रतिस्पर्धी दौर में अपनी पहचान बनाए रख सकेगा। फोटोग्राफी का भविष्य बदलाव अपनाने वालों का है। तकनीक टूल है, ताकत आपकी नजर में। स्टूडियो न्यूज आपके साथ है, समय के साथ चलें, आगे बढ़ें।

आप और आपका परिवार सुखी एवं स्वस्थ रहे, ऐसी ईश्वर से कामना है। फोटोग्राफी से सम्बंधित किसी भी समस्या एवं जानकारी हेतु आप हमें 11 से 7 बजे तक इन दूरभाष 0522-4108575 / 0522-3654971 पर संपर्क कर सकते है।

**सुरेंदर सिंह बिष्ट, सम्पादक**




न्यू बनारस कैमरा सोसायटी एवं इंटैक के संयुक्त तत्वावधान में एक थीमेटिक पोर्ट्रेट फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन, वाराणसी (5 अप्रैल 2026)

# अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

### Amaran ने लॉन्च की Halo Series Bi-Color COB लाइट्स




Amaran ने Halo Series नाम से नए bi-color COB स्टूडियो लाइट्स लॉन्च किए हैं, जो क्रिएटर्स के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस सीरीज में 60x से 600x तक पांच मॉडल शामिल हैं, जिनकी आउटपुट 32,500 lux तक है। कॉम्पैक्ट डिजाइन, ड्यूल नॉब कंट्रोल, NFC के साथ ऐप कनेक्टिविटी इसकी खासियत है। CRI 96 और TLCI 97 के साथ यह सटीक कलर देता है। Bowens माउंट और फ्लेक्सिबल पावर ऑप्शन इसे प्रोफेशनल और होम स्टूडियो दोनों के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

### RØDE ने लॉन्च किया RodeCaster Video Core, मल्टी-कैमरा प्रोडक्शन हुआ आसान



RØDE ने RodeCaster Video Core पेश किया है, जो एक कॉम्पैक्ट डिवाइस है और चार कैमरों को जोड़कर पूरी वीडियो प्रोडक्शन सेटअप बनाने की सुविधा देता है। इसमें वीडियो स्विचिंग, रिकॉर्डिंग, स्ट्रीमिंग और प्रोफेशनल ऑडियो मिक्सिंग एक साथ मिलती है। RodeCaster Sync के साथ यह RodeCaster Pro II और Duo के साथ काम करता है। यूजर्स लाइव स्ट्रीम, ISO रिकॉर्डिंग और iPhone कनेक्शन के जरिए आसान मल्टी-कैमरा कंटेंट बना सकते हैं।

### Manfrotto ने लॉन्च किया ONE Photo ट्राइपॉड, फोटोग्राफर्स के लिए खास डिजाइन



Manfrotto ने ONE प्लेटफॉर्म को बढ़ाते हुए नया ONE Photo ट्राइपॉड लॉन्च किया है। यह खास तौर पर स्टिल फोटोग्राफी के लिए बनाया गया है, जिसमें मजबूत स्ट्रक्चर, XTEND मैकेनिज्म और Q90 कॉलम जैसी सुविधाएं दी गई हैं। यह हाई-रेजोल्यूशन कैमरों के साथ भी बेहतर स्थिरता देता है। इटली में बना यह ट्राइपॉड एल्युमिनियम में उपलब्ध है और XPro बॉल हेड व 3-वे हेड विकल्पों के साथ आता है।

### 7Artisans ने लॉन्च किया PL Mount Adapter, अब मिररलेस कैमरों पर सिनेमा लेंस संभव



7Artisans ने नया PL Mount Adapter Kit लॉन्च किया है, जिससे मिररलेस कैमरों पर सिनेमा लेंस इस्तेमाल किए जा सकते हैं। $179 कीमत वाला यह एडॉप्टर Sony E, Nikon Z, Canon RF और L-Mount को सपोर्ट करता है। मजबूत लॉकिंग सिस्टम और सटीक डिजाइन के साथ यह प्रोफेशनल शूटिंग के लिए उपयुक्त है। यह फिल्ममेकर्स और फोटोग्राफर्स को अलग-अलग कैमरा सिस्टम में PL लेंस इस्तेमाल करने की सुविधा देता है।

### Laowa ने लॉन्च किया 17mm f/4 Tilt-Shift लेंस, आर्किटेक्चर फोटोग्राफी के लिए खास



Venus Optics ने Laowa 17mm f/4 Zero-D Tilt-Shift और Shift लेंस लॉन्च किए हैं। यह लेंस खास तौर पर आर्किटेक्चर और लैंडस्केप फोटोग्राफी के लिए बनाए गए हैं। 104° फील्ड ऑफ व्यू और कम डिस्टॉर्शन के साथ यह शानदार इमेज क्वालिटी देते हैं। Tilt-Shift वर्जन में ±10° टिल्ट और ±12mm शिफ्ट की सुविधा मिलती है, जिससे परफेक्ट पर्सपेक्टिव कंट्रोल संभव होता है।

### YoloLiv ने लॉन्च किया 18mm f/1.4 लेंस, क्रिएटर्स के लिए किफायती विकल्प



YoloLiv ने Micro Four Thirds कैमरों के लिए नया 18mm f/1.4 प्राइम लेंस लॉन्च किया है। यह खास तौर पर वीडियो क्रिएटर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें स्मूद ऑटोफोकस और बेहतर इमेज क्वालिटी मिलती है। $299 की कीमत पर यह प्रीमियम लेंस का किफायती विकल्प है। यह लेंस YoloCam S7 के साथ बेहतर तालमेल बनाता है और कंटेंट क्रिएशन को आसान बनाता है।

### Blazar ने लॉन्च की Viper Series 1.5x Anamorphic लेंस




Blazar ने नई Viper सीरीज के फुल-फ्रेम 1.5x anamorphic लेंस पेश किए हैं, जिनमें T2.1 अपर्चर मिलता है। 35mm, 50mm और 75mm फोकल लेंथ में उपलब्ध ये हल्के मैनुअल फोकस लेंस हैं, जो हैंडहेल्ड और गिम्बल शूटिंग के लिए उपयुक्त हैं। बेहतर शार्पनेस, कम फोकस दूरी और सिनेमैटिक बोकै के साथ ये लेंस PL और EF माउंट में उपलब्ध होंगे।

### Yashica ने लॉन्च किया Journey 4K कैमकॉर्डर, सिंपल शूटिंग पर फोकस



Yashica ने नया Journey 4K कैमकॉर्डर लॉन्च किया है, जो हाई-एंड फीचर्स की बजाय आसान उपयोग पर केंद्रित है। $268 कीमत वाला यह कैमरा कॉम्पैक्ट डिजाइन, 4K वीडियो, 3x ऑप्टिकल जूम और फ्लिप स्क्रीन के साथ आता है। खासतौर पर युवाओं के लिए बनाया गया यह कैमकॉर्डर बिना किसी डिस्ट्रैक्शन के शूटिंग का अनुभव देता है और कैजुअल कंटेंट क्रिएशन को बढ़ावा देता है।

### Panasonic ने Lumix S सीरीज के लिए जारी किए बड़े फर्मवेयर अपडेट



Panasonic ने Lumix S सीरीज कैमरों, लेंस और ऐप्स के लिए नए फर्मवेयर अपडेट जारी किए हैं। यह अपडेट S1R II, S5 II और S9 जैसे मॉडल्स पर लागू होंगे। इसमें नए एक्सेसरी सपोर्ट और कस्टमाइजेशन सुधार शामिल हैं। खास बात यह है कि अब Panasonic DMW-DMS1 माइक्रोफोन सपोर्ट मिलेगा, जिससे वीडियो शूटिंग में बेहतर ऑडियो संभव होगा।

### Caira Camera ने यूज़र फीडबैक के बाद AI फीचर्स को सीमित किया



Camera Intelligence ने Caira Camera में जनरेटिव AI फीचर्स को यूज़र फीडबैक के बाद सीमित कर दिया है। ओपन प्रॉम्प्ट सिस्टम हटाकर अब प्रीसेट टूल्स जैसे क्लटर रिमूवल और स्टाइल फिल्टर दिए गए हैं। साथ ही HDR सपोर्ट, लो-लाइट स्टैकिंग और AI ऑटोफोकस जैसे फीचर्स पर फोकस बढ़ाया गया है। यह बदलाव रियल इमेज क्वालिटी और कंट्रोल्ड एडिटिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किया गया है।

### Laowa ने लॉन्च किए 15-24mm T8 और 15-35mm T12 Macro Probe Zoom लेंस



Venus Optics ने नए macro probe zoom लेंस 15-24mm T8 और 15-35mm T12 लॉन्च किए हैं। 15mm अल्ट्रा-वाइड फोकल लेंथ और एंगल्ड डिजाइन के साथ ये लेंस अनोखे क्लोज-अप शॉट्स के लिए बनाए गए हैं। 15-35mm T12 दुनिया का सबसे वाइड macro probe zoom लेंस है, जिसमें बड़ा जूम रेंज मिलता है। यह लेंस फिल्ममेकिंग और क्रिएटिव मैक्रो शूट के लिए बेहद उपयोगी है।

### Fujifilm ने लॉन्च किया Instax Mini 13, छोटे अपग्रेड के साथ नया कैमरा



Fujifilm ने Instax Mini 13 कैमरा लॉन्च किया है, जो Mini 12 का अपडेटेड वर्जन है। इसमें नया ड्यूल सेल्फ-टाइमर फीचर

शेष पृष्ठ 12 पर ...

"शटर खोलने से पहले देखिए और सोचिए। दिल और दिमाग कैमरे के असली लेंस हैं" - यूसुफ कार्श




# कैमरे के सामने कुछ लोग क्यों दिखते हैं खास



**हृदगंधा गिरीश मिस्त्री**
एडवर्टाइजिंग एवं कमर्शियल फ़ोटोग्राफ़र, डीन और निदेशक, शारी अकादमी, मुंबई
@shari_academy @thewayhridsees

कुछ लोग जब कैमरे के सामने आते हैं तो तुरंत ही खूबसूरत दिखाई देने लगते हैं। सब कुछ बहुत सहज लगता है। उन्हें पोज़ देने में कोई परेशानी नहीं होती, वे असहज भी नहीं दिखते और ऐसा लगता है जैसे वे उस फ्रेम का स्वाभाविक हिस्सा हों। कई लोग मान लेते हैं कि ऐसा अच्छे लुक, मेकअप या स्टाइलिंग की वजह से होता है। लेकिन सच यह है कि उनकी यह चमक किसी और गहरी बात से आती है।

सालों के अनुभव के बाद मैंने समझा है कि यह चमक वास्तव में भावनात्मक होती है। यह तब दिखाई देती है जब कोई व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। यह तब भी दिखाई देती है जब उसे लगता है कि उसे स्वीकार किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह तब उभरती है जब कोई व्यक्ति बिना किसी जजमेंट के खुद को देखा और समझा हुआ महसूस करता है।



जब मैं किसी की फोटोग्राफी करती हूँ, तो शुरूआत निर्देश देने से नहीं करती। मैं पहले उसे ध्यान से देखती हूँ। मैं देखती हूँ कि वह व्यक्ति जगह में कैसे प्रवेश करता है। वह कैसे बैठता है, अपने हाथों को कैसे रखता है और उसकी सांसों की गति कैसी है

कई लोग कैमरे के सामने आते समय हल्के तनाव के साथ आते हैं। उनके कंधे थोड़े कसे हुए होते हैं। चेहरे के भाव नियंत्रित रहते हैं और आँखों में थोड़ी झिझक दिखाई देती है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है। ज़्यादातर लोग कैमरे के सामने रहने के आदी नहीं होते। उन्हें लगता है कि उन्हें कुछ खास करके दिखाना है। वे इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि वे कैसे दिख रहे हैं और जो कर रहे हैं वह सही है या नहीं।

लेकिन जैसे ही माहौल बदलता है, कुछ बदलने लगता है। जब माहौल शांत होता है और बातचीत सच्ची लगने लगती है, तो शरीर धीरे-धीरे रिलैक्स होने लगता है। कंधे ढीले पड़ जाते हैं। चेहरे के भाव नरम हो जाते हैं और आँखें अधिक जीवंत दिखाई देने लगती हैं। यही वह क्षण होता है जहाँ से वह चमक शुरू होती है।

यह चमक रोशनी से बनाई नहीं जाती। यह व्यक्ति के भीतर से आती है। जब कोई व्यक्ति सहज महसूस करता है, तो वह अभिनय करना छोड़ देता है और अपने वास्तविक रूप में रहने लगता है।

उदाहरण के लिए, किसी शूट की शुरूआत में कोई व्यक्ति काफ़ी कसा-कसा बैठ सकता है। उसकी मुस्कान बनावटी लगती है और उसका बैठने का अंदाज़ भी स्वाभाविक नहीं लगता। लेकिन अगर आप कुछ मिनट उनसे उस विषय पर बात करें जो उन्हें पसंद है, तो उनके भाव बदलने लगते हैं। उनका चेहरा सहज हो जाता है और उनकी आँखों में चमक आ जाती है।

अगर आप उसी क्षण तस्वीर लेते हैं, तो वह तस्वीर बहुत स्वाभाविक और सच्ची महसूस होती है। वही असली चमक होती है।

कैमरा किसी व्यक्ति को असहज भी महसूस करा सकता है और आत्मविश्वासी भी। यह अंतर काफ़ी हद तक फोटोग्राफर पर निर्भर करता है। आपकी मौजूदगी आपके उपकरणों से कहीं ज़्यादा मायने रखती है। अगर आप शांत रहते हैं, तो सामने वाला भी शांत महसूस करता है। और अगर आप जल्दी या दबाव में दिखते हैं, तो आपका विषय भी दबाव महसूस करने लगता है।

**ऊर्जा एक-दूसरे तक पहुँचती है।**

आप अपने विषय (सब्जेक्ट) के पास किस तरह से पहुँचते हैं, यही सब कुछ तय करता है। अगर आप तुरंत सुधार करना, पोज़ देना और निर्देश देना शुरू कर देते हैं, तो सामने वाले को लगता है कि उसे कुछ "परफॉर्म" करना है। लेकिन जब आप थोड़ा धीमे होते हैं और उन्हें सहज होने का समय देते हैं, तो वे उस माहौल पर भरोसा करने लगते हैं।

आपका आत्मविश्वास भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आत्मविश्वास का मतलब ऊँची आवाज़ में बोलना या ज़ोर दिखाना नहीं है। इसका मतलब है स्पष्ट होना और अपने भीतर स्थिर रहना।

अगर आप खुद ही अनिश्चित हों, बार-बार बदलाव कर रहे हों या ध्यान भटका हुआ हो, तो आपका सब्जेक्ट इसे महसूस कर लेता है। तब वह भी झिझकने लगता है। लेकिन जब आपको अपने काम और प्रक्रिया पर भरोसा होता है, तो आपकी साधारण-सी सलाह भी सामने वाले को भरोसा और सहजता देती है।


उदाहरण के लिए, अगर आप शांत स्वर में कहें, "अपने कंधे ढीले छोड़िए" या "आराम से, जल्दी नहीं है", तो इससे बहुत फर्क पड़ता है। आपका आत्मविश्वास ही सामने वाले की सहजता बन जाता है।

कपड़े और स्टाइलिंग भी आत्मविश्वास को हमारी सोच से कहीं ज़्यादा प्रभावित करते हैं। जब कोई व्यक्ति अपने पहने हुए कपड़ों में सहज महसूस करता है, तो यह उसके बैठने के ढंग और चेहरे के भावों में साफ दिखाई देता है। अगर कपड़े बनावटी या असहज लगते हैं, तो उनसे तनाव पैदा होता है। लेकिन जब कपड़े व्यक्ति के स्वभाव और व्यक्तित्व का स्वाभाविक हिस्सा लगते हैं, तो वह सहज हो जाता है।

अक्सर साधारण कपड़े बहुत ज़्यादा स्टाइल किए हुए कपड़ों से बेहतर काम करते हैं। हल्के और संतुलित रंग, मुलायम टेक्सचर और साफ-सुथरे सादे कपड़े ध्यान को व्यक्ति पर बनाए रखते हैं।



उद्देश्य स्टाइलिंग से प्रभावित करना नहीं होता। असली उद्देश्य व्यक्ति की उपस्थिति और स्वाभाविकता को सहारा देना होता है। अक्सर हम सोचते हैं कि सुंदरता चेहरे के परफेक्ट फीचर्स से आती है। लेकिन फोटोग्राफी में असली सुंदरता भावनात्मक खुलापन से आती है। दो लोग देखने में एक जैसे हो सकते हैं, लेकिन एक व्यक्ति तस्वीर में कसा हुआ और असहज लग सकता है, जबकि दूसरा बहुत सहज और चमकदार दिखाई देता है। फर्क सिर्फ सहजता का होता है।





मुझे एक युवा महिला की फोटोग्राफी याद है, जिसे लगता था कि वह फोटोजेनिक नहीं है। वह स्टूडियो में पहले से ही खुद को लेकर असमंजस में आई थी। उसकी मुस्कान कसी हुई थी और उसका शरीर भी थोड़ा सिमटा हुआ लग रहा था।

शूट तुरंत शुरू करने के बजाय मैंने उनसे पहले थोड़ी बातचीत की। हमने साधारण बातों पर बात की। धीरे-धीरे वह सहज होने लगीं। वह स्वाभाविक रूप से हँसने लगीं और कैमरे को लगभग भूल गईं। उसके बाद ही मैंने तस्वीरें लेना शुरू किया।

जब उन्होंने तस्वीर देखी, तो धीरे से कहा, "मैंने खुद को पहली बार इस तरह देखा है।" यही भरोसे की असली ताकत होती है।

कैमरा सुंदरता पैदा नहीं करता, वह सिर्फ उस सुंदरता को सामने लाता है जो पहले से मौजूद होती है।



समय का भी बहुत महत्व होता है। किसी शूट के पहले कुछ मिनट अक्सर सबसे अच्छे नहीं होते, क्योंकि उस समय लोग अभी माहौल के साथ तालमेल बिठा रहे होते हैं। असल तस्वीरें बाद में बनती हैं, जब सामने वाला यह लगभग भूल जाता है कि उसे देखा या कैमरे में कैद किया जा रहा है।

कभी-कभी सबसे अच्छी तस्वीर किसी पोज़ की नहीं होती। वह दो पलों के बीच का छोटा सा क्षण होती है - एक शांत ठहराव, एक स्वाभाविक हँसी, या चेहरे का सहज भाव।

इन पलों को जबरदस्ती पैदा नहीं किया जा सकता। वे तभी आते हैं जब व्यक्ति खुद को पूरी तरह सहज और स्वतंत्र महसूस करता है।

आप जो माहौल बनाते हैं, वह भी व्यक्ति के आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। शांत वातावरण लोगों को सहज महसूस कराता है। छोटी-छोटी बातें जैसे साफ-सुथरी जगह, हल्का संगीत और आराम से काम करने की गति, ये सब मिलकर सामने वाले को धीरे-धीरे सहज होने में मदद करते हैं।

आत्मविश्वास की शुरूआत पहली तस्वीर लेने से पहले ही हो जाती है।

चमक का संबंध सच्चाई से भी होता है। लोग तब चमकते हैं जब वे दिखावा करना छोड़ देते हैं, जब वे किसी को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करते और बस स्वाभाविक रूप से मौजूद रहते हैं। एक फोटोग्राफर के रूप में हमें ऐसा होने देना चाहिए।



जब मेरे छात्र मुझसे पूछते हैं कि वही व्यक्ति मेरी तस्वीरों में अलग क्यों दिखता है, तो मेरा जवाब बहुत सरल होता है। मैं केवल चेहरे को नहीं देखती, बल्कि यह समझने की कोशिश करती हूँ कि वह व्यक्ति कैसा महसूस कर रहा है।

मैं पूर्णता (परफेक्शन) की तलाश नहीं करती। मैं सच्चाई की तलाश करती हूँ। और सच्चाई हमेशा तस्वीर को अधिक मजबूत और प्रभावशाली बनाती है।

इसी कारण इस चमक को किसी तकनीक की तरह नहीं सिखाया जा सकता। यह केवल लाइटिंग सेट-अप या कैमरा सेटिंग्स का मामला नहीं है। यह जागरूकता, धैर्य और आपकी उपस्थिति पर निर्भर करता है।

जो लोग सबसे ज्यादा चमकते हैं, वे वही होते हैं जो भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस करते हैं। जिन्हें लगता है कि उन्हें स्वीकार किया जा रहा है और जो आप पर भरोसा करते हैं। और जब यह भरोसा बन जाता है, तो एक सुंदर बात होती है। वे खुद को एक नए तरीके से देखने लगते हैं। और उसी क्षण वे सच में चमक उठते हैं।

**अंतिम विचार :** चमक कोई ऐसा प्रभाव नहीं है जिसे आप बना दें। यह एक संबंध है जिसे आप बनाते हैं। और जब आप इसे समझ लेते हैं, तो आपको एहसास होगा कि हर व्यक्ति में आपके कैमरे के सामने चमकने की क्षमता होती है।

Images copyright © Hridgandha Girish Mistry



STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026

मेरी पसंदीदा फोटो कौन सी है? वह जो मैं कल लेने जा रहा हूँ। -इमोजेन कनिंगहैम

# GPA डेजर्ट (रेगिस्तान) वर्कशॉप



देश के अलग-अलग हिस्सों से GPA (गुरुकुल ऑफ फोटोग्राफिक आर्ट) के नौ छात्र अपने शिक्षक शिवजी जोशी के मार्गदर्शन में डेजर्ट फोटोग्राफी वर्कशॉप के लिए 14 से 16 मार्च 2026 तक जैसलमेर में एकत्र हुए। चार सत्रों के दौरान, उन्होंने किले के क्षेत्र में सड़क के दृश्यों, कुलधरा की ऐतिहासिक फोटोग्राफी, और पानी ले जाती महिलाओं व ऊंटों के साथ रेगिस्तान की अद्भुत सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। उन्होंने खुरी के ऊंचे टीलों पर 'गोल्डन ऑवर' और 'ब्लू ऑवर' की रोशनी के जादू को समझा, साथ ही तिरछी और घुमावदार रेखाओं में छिपे भावों को भी सीखा। अंतिम सत्र में प्रतिभागियों को सैम के घुमावदार रेत के टीलों पर मॉडल फोटोग्राफी करने का अवसर मिला। इस वर्कशॉप की कोई फीस नहीं थी, बल्कि होने वाले साझा खर्च को सभी प्रतिभागियों के बीच आपस में बांट लिया गया था।

























महान विभूतियाँ

# गैरी विनोग्रैंड (Garry Winogrand)
## (14 जनवरी, 1928 - 19 मार्च, 1984)



गैरी विनोग्रैंड




गैरी विनोग्रैंड ने आधुनिक जीवन के कोलाहल और हलचल को निरंतर अपनी तस्वीरों में उतारा। उन्होंने ऐसी जटिल और ऊर्जा से भरपूर तस्वीरें बनाईं, जिन्होंने फोटोग्राफी के एक नए युग को परिभाषित करने में मदद की।

उनका जन्म 14 जनवरी 1928 को न्यूयॉर्क के ब्रोंक्स में हुआ था, जहाँ उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा बिताया और काम किया। वे एक कामकाजी यहूदी परिवार में पैदा हुए थे। उनके पिता, अब्राहम विनोग्रैंड, चमड़े के कारीगर थे और उनकी माँ, बर्था, एक फैक्ट्री में काम करती थीं। ब्रोंक्स में पलते हुए, विनोग्रैंड का सामना शहर की जीवंत और विविध संस्कृति से हुआ, जो आगे चलकर उनके काम का मुख्य विषय बनी।

हाई स्कूल पूरा करने के बाद, विनोग्रैंड ने कुछ समय के लिए 'सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क' में पढ़ाई की, जहाँ उन्होंने पेंटिंग सीखी। हालांकि, उनकी पढ़ाई में तब रुकावट आ गई जब 1946 में उन्हें अमेरिकी सेना में भर्ती कर लिया गया, जहाँ उन्होंने दो साल तक सेवा दी। सैन्य सेवा के बाद, विनोग्रैंड एक नए जोश के साथ न्यूयॉर्क वापस लौटे ताकि वे अपनी कला के सही रास्ते को खोज सकें।

1948 में, विनोग्रैंड ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया, जहाँ शुरुआत में उन्होंने अपनी पेंटिंग की पढ़ाई जारी रखी। कोलंबिया में ही उन्होंने फोटोग्राफी को जाना, जिसने जल्द ही उनका मन मोह लिया। उन्होंने 'हार्पर्स बाज़ार' के मशहूर आर्ट डायरेक्टर एलेक्सी ब्रोदोविच द्वारा सिखाया जाने वाला फोटोग्राफी कोर्स किया। ब्रोदोविच का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा; उन्होंने विनोग्रैंड को फोटोग्राफी की गतिशील संभावनाओं को तलाशने और पलों को नए व अनोखे तरीकों से कैद करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कोलंबिया में अपनी औपचारिक शिक्षा के अलावा, विनोग्रैंड ने 'न्यू स्कूल फॉर सोशल रिसर्च' में भी पढ़ाई की। वहाँ वे फोटोग्राफर और शिक्षक सिड ग्रॉसमैन से प्रभावित हुए, जिन्होंने उन्हें सामाजिक मुद्दों और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के लिए कैमरे का उपयोग करने के विचार से परिचित कराया। वास्तविक जीवन के दृश्यों और स्ट्रीट फोटोग्राफी की स्वाभाविकता (spontaneity) पर ग्रॉसमैन के जोर ने विनोग्रैंड के मन पर गहरी छाप छोड़ी और उनके काम करने के तरीके को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विनोग्रैंड अक्सर शहर की सड़कों पर तस्वीरें खींचते थे, जहाँ वे भीड़ और आम लोगों को रिकॉर्ड करते थे और सार्वजनिक जीवन के तनाव व उत्साह को कैमरे में कैद करते थे। उनकी प्रसिद्ध श्रृंखलाएँ, जो किताबों के रूप में प्रकाशित हुईं, उनमें शामिल हैं: "**Women Are Beautiful**", जो सड़क पर मिलने वाली महिलाओं को एक अलग अंदाज़ में पेश करती है; "**Public Relations**", जिसमें 1960 और 70 के दशक के उतार-चढ़ाव वाले दौर के प्रदर्शनों, पार्टियों और राजनीतिक कार्यक्रमों की तस्वीरें हैं; और "**The Animals**", जो चिड़ियाघर को एक ऐसे रंगमंच के रूप में दिखाती है जहाँ इंसान और जानवर एक-दूसरे के संपर्क में आते हैं।

सबसे प्रसिद्ध कृतिः "Women Are Beautiful", विनोग्रैंड की 1975 में आई यह किताब न्यूयॉर्क शहर की सड़कों पर महिलाओं की 'कैंडिड' तस्वीरों का संग्रह है। यह महिलाओं की सुंदरता और शहरी जीवन के सार को कैद करने की उनकी प्रतिभा को दर्शाती है। 1973 में टेक्सास जाने के बाद, उन्होंने "Stock Photographs" पर काम किया। विनोग्रैंड के काम की मुख्य विशेषता इसकी कच्ची ऊर्जा और स्पष्टता है। वे अपनी अत्यधिक कार्यक्षमता के लिए जाने जाते थे, जिन्होंने 20वीं सदी के मध्य में अमेरिकी शहरी जीवन की हलचल और जीवंतता को बखूबी समेटा।





STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026

फोटोग्राफी को कहानी के साथ एकीकृत करना जरूरी है।
-जेम्सी वॉन्गक होव










फोटोग्राफी के प्रति गैरी विनोग्रैंड का आकर्षण अमेरिकी वायु सेना में उनके समय के दौरान शुरू हुआ। सेवा के बाद, उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पेंटिंग की पढ़ाई की, लेकिन फिर अपना पूरा ध्यान फोटोग्राफी की ओर लगा दिया। उन्होंने न्यूयॉर्क शहर की गलियों में घूमकर तस्वीरें खींचीं और अपनी एक अनोखी शैली को निखारा।

अपने सफल और सक्रिय करियर के बावजूद, विनोग्रैंड का काम विवादों से दूर नहीं रहा। उनकी बाद की तस्वीरों ने जवाबों से ज़्यादा सवाल खड़े किए, जिसने फोटोग्राफी की बनावट (composition) और कहानी कहने के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी। कुछ आलोचकों को उनका बाद का काम अव्यवस्थित लगा, जबकि अन्य ने इसे जानबूझकर पारंपरिक फोटोग्राफी से अलग हटकर अपनाया गया तरीका माना, जो जीवन की सहजता और अनिश्चितता को दर्शाता था।



Garry Winogrand and John Szarkowski, New York City. 1975. Image © Lee Friedlander

दुखद रूप से, 1984 में मात्र 56 वर्ष की आयु में विनोग्रैंड का निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद, उनके काम को और भी अधिक पहचान मिली; कई प्रदर्शनियों और रेट्रोस्पेक्टिव्स (पुरानी यादों को समेटती प्रदर्शनियाँ) के माध्यम से स्ट्रीट फोटोग्राफी में उनके गहरे और व्यापक योगदान को दिखाया गया। गैरी विनोग्रैंड की विरासत आज भी इस बात का प्रमाण है कि सड़कों के असली स्वरूप को कैद करने में कितनी शक्ति होती है। उनके द्वारा समय के पलों को रोक देने का हुनर आज भी दर्शकों के दिलों को छूता है और आधुनिक फोटोग्राफरों को प्रेरित करता है।

डिजिटल तकनीक द्वारा तस्वीरें बनाने और देखने के तरीके को बदलने से दशकों पहले, गैरी विनोग्रैंड ने अपने 35mm Leica कैमरे से 10 लाख से भी अधिक तस्वीरें खींची थीं। इस तरह उन्होंने 1950 के दशक के अंत से लेकर 1980 के दशक की शुरूआत तक के अमेरिका की एक विस्तृत झलक पेश की। '**अमेरिकन मास्टर्स - गैरी विनोग्रैंड : ऑल थिंग्स आर फोटोग्राफेबल**' इस कलाकार की विरासत पर आधारित पहली फिल्म है।

विनोग्रैंड का निधन 19 मार्च, 1984 को मेक्सिको के तिजुआना में हुआ था, उस समय उनकी आयु केवल 56 वर्ष थी।



**अनिल रिसाल सिंह**
MFIAP (France), ARPS (Great Britain),
Hon.FIP (India), Hon.LCC (India), FFIP (India),
AIIPC (India), Hon.FSoF (India), Hon.FPAC (India),
Hon.TPAS (India), Hon.FSAP (India), Hon.FICS (USA),
Hon.PSGSPC (Cyprus), Hon.FPSNJ (America),
Hon. Master-TPAS (India), Hon. Master-SAP (India),
Hon.FWPAI (India), Hon.FGGC (India),
Hon.GA-PSGSPC (Cyprus)
**पूर्व अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इण्डियन फोटोग्राफी**

# देहरादून में नागालैंड के विविध पहलुओं पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी

दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र देहरादून में 25 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक भारत के उत्तर पूर्वी राज्य नागालैंड की जीवंत व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सन्दर्भित स्लाइड शो व व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्लाइड शो अंतरराष्ट्रीय छायाकार, पर्यावरणविद व हिमालयी जैव विविधता विशेषज्ञ पद्मश्री अनूप साह द्वारा प्रदर्शित किया गया। स्लाइड शो के इस अवसर पर अनूप साह ने बताया कि नागालैंड अद्भुत राज्य है, जहाँ एक ओर राज्य की समृद्ध जैव विविधता है वहीं दूसरी ओर राज्य में 16 मुख्य जनजातियाँ निवास करती हैं, 36 से अधिक भाषाएँ हैं व राज्यवासियों में सामुदायिक भावना, शक्ति व एकता नागालैंड की पहचान है। राज्य में प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले हॉर्नबिल फेस्टिवल में नागा सांस्कृतिक विरासत, संगीत, लोकगीत, परंपरागत संस्कृति की जीवंत झलक मिलती है। नागा लोग अतिथियों को आदर-सत्कार देते हैं। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र में आयोजित कार्यक्रम **"नागालैंड की ओर, दीवार पर लगे दर्पण तक की हमारी यात्रा"** के वृतान्त इस सुन्दर राज्य व नागा लोगों के बारे में जीवंत छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शनी में उपस्थित लोगों में जिज्ञासा जगाता है। यदि दोनों राज्य सरकारें सहमत हो जाएं तो दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को लोग समझ सकेंगे व सांस्कृतिक आदान-प्रदान आसान होगा। इस तरह के कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित होने चाहिये। कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (सेवानिवृत्त) एस.एस. रसाइली द्वारा विचार व्यक्त करते हुए बताया कि नागालैंड प्राकृतिक रूप से सुन्दर, जैव विविधता से परिपूर्ण राज्य है। राज्यवासी साफ़-सफाई को महत्त्व देते हैं, अपनी संस्कृति, विरासत व परम्पराओं पर नागा लोगों को गर्व है। जनजातियाँ हस्तशिल्प उत्पादों में मुख्य रूप से लकड़ी में नक्काशी, मूर्ति निर्माण, आभूषण, बर्तन, बाँस से बने उत्पादों में सिद्ध हस्त हैं। नागा समाज एक जीवंत समाज है जिसे अपने सुन्दर छायाचित्रों के माध्यम से ख्यातिलब्ध छायाकार हिमालयी व वन्यजीव छायाकार अनूप साह ने इस सभागार में प्रदर्शित किया है। उत्तराखंड व नागालैंड की समृद्ध परम्पराओं का संरक्षण आवश्यक है व इस प्रकार के आयोजन एक-दूसरे को करीब लाने में मददगार साबित होंगे।





















STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026

जब लोग मुझसे पूछते हैं मैं कौन सा उपकरण प्रयोग करता हूँ, मैं कहता हूँ - अपनी आंखें। - अनजान

# फोटोग्राफी में व्हाइट बैलेंस: रंगों की सच्चाई को समझना



अभिनीत मोहन सेठ
चाइल्ड फोटोग्राफर







फोटोग्राफी केवल कैमरे से तस्वीर लेने का नाम नहीं है। एक अच्छी तस्वीर के पीछे सही समझ, अनुभव और तकनीकी जानकारी का बड़ा योगदान होता है। जितनी अच्छी आपकी समझ होगी, उतना ही बेहतर आपका काम दिखाई देगा। दूसरे शब्दों में कहें तो फोटोग्राफी दरअसल रोशनी को समझने की कला है। इसी कला को सही ढंग से व्यक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है - व्हाइट बैलेंस। अक्सर ऐसा होता है कि तस्वीर में कोई एक रंग जरूरत से ज्यादा दिखाई देने लगता है।

उदाहरण के लिए यदि आपकी फोटो में ब्लू, येलो, पिंक या किसी भी रंग की अनावश्यक टोन दिखाई दे रही है, तो समझ लीजिए कि व्हाइट बैलेंस सही नहीं है। इस लेख में हम सरल तरीके से समझने की कोशिश करेंगे कि व्हाइट बैलेंस क्या है और फोटोग्राफी में इसका महत्व क्यों इतना अधिक है।

## व्हाइट बैलेंस क्या होता है?

White Balance कैमरे की एक महत्वपूर्ण सेटिंग है, जो तस्वीर के रंगों को संतुलित (balance) करने का काम करती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो रंग हमें अपनी आँखों से दिखाई दे रहा है, वही रंग कैमरे में भी वैसा ही दिखाई दे। उदाहरण के लिए यदि आप किसी व्यक्ति की सफेद शर्ट की तस्वीर लेते हैं, तो वह फोटो में भी सफेद ही दिखनी चाहिए, न कि पीली, नीली या किसी अन्य रंग की। यह संतुलन बनाने का काम व्हाइट बैलेंस करता है।

असल में हर रोशनी का अपना एक कलर टेम्परेचर (Color Temperature) होता है, और उसी के अनुसार उसका रंग भी बदलता है। कैमरे को यह समझना होता है कि उस पर पड़ने वाली रोशनी किस प्रकार की है, ताकि वह तस्वीर में सही रंग प्रस्तुत कर सके। यही कारण है कि जहां लाइट का रंग अलग होता है, वहां कैमरा व्हाइट बैलेंस की मदद से उसे संतुलित करके प्राकृतिक रंगों के करीब लाने की कोशिश करता है।

## कलर टेम्परेचर

Color Temperature को Kelvin (K) में मापा जाता है। अलग-अलग तापमान पर रोशनी का रंग अलग दिखाई देता है।

- **2000K – 3000K →** गर्म टोन (पीला / नारंगी, जैसे मोमबत्ती की रोशनी)
- **4000K – 5000K →** न्यूट्रल टोन (फ्लोरोसेंट लाइट)
- **5500K – 6500K →** डे लाइट टोन (सामान्य सूर्य प्रकाश)
- **7000K और उससे अधिक →** ठंडी टोन (ब्लू या हल्की नीली रोशनी)

यदि व्हाइट बैलेंस सही न हो तो तस्वीर का पूरा मूड बदल सकता है।

यदि आप कैमरे का Kelvin 2000K–3000K के आसपास रखते हैं, तो तस्वीर में पीली या नारंगी गर्माहट दिखाई देगी। वहीं जैसे-जैसे Kelvin बढ़ता है, तस्वीर की टोन ब्लू (नीली) की ओर जाती हुई दिखाई देती है। 7000K या उससे अधिक पर तस्वीर में हल्की नीली टोन दिखाई देने लगती है। आपके कैमरे में व्हाइट बैलेंस के कुछ मोड्स होते हैं -

- Automatic White Balance
- Manual White Balance

आटोमेटिक वाइट बैलेंस अपने हिसाब से व्हाइट को बैलेंस करता हैं और मैन्युअल व्हाइट बैलेंस में आप खुद टेम्परेचर को सेट करते हैं। अब मान लीजिये आप वेडिंग शूट कर रहे और आपके बैकड्रॉप पे ढेर सारी येलो लाइट लगी हैं तो पूरी फोटोज येलो ही आएंगी। उसको कण्ट्रोल करने के लिए आपको आटोमेटिक की जगह मैन्युअल व्हाइट बैलेंस का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

## कैमरे के White Balance Modes

अधिकतर कैमरों और स्मार्टफोनों में कुछ प्रीसेट व्हाइट बैलेंस मोड दिए जाते हैं, जो अलग-अलग परिस्थितियों के अनुसार काम करते हैं।

1. **Automatic White Balance (AWB) :** इस मोड में कैमरा खुद ही दृश्य के अनुसार व्हाइट बैलेंस को एडजस्ट कर देता है। यह मोड खासकर शुरूआती फोटोग्राफरों के लिए काफी उपयोगी माना जाता है।
2. **Daylight :** यह मोड सूरज की रोशनी में शूट करने के लिए बनाया गया है। इसमें रंग सामान्य और प्राकृतिक दिखाई देते हैं।
3. **Cloudy :** जब मौसम में हल्के बादल हों या रोशनी थोड़ी सॉफ्ट हो, तब यह मोड बेहतर परिणाम देता है। पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में भी इसका इस्तेमाल अच्छा माना जाता है।
4. **Tungsten :** यह मोड बल्ब या पीली रोशनी वाले माहौल के लिए उपयोगी है। यह पीली टोन को कम करके रंगों को संतुलित करने की कोशिश करता है।
5. **Custom / Manual White Balance :** यह मोड अधिकतर प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स इस्तेमाल करते हैं। इसमें फोटोग्राफर खुद कैमरे में Kelvin या एक White Card / Grey Card की मदद से व्हाइट बैलेंस सेट करता है। इसके बाद उसी सेटिंग पर पूरी शूटिंग की जाती है, जिससे सभी तस्वीरों में समान और सही रंग मिलते हैं।

## व्हाइट बैलेंस क्यों महत्वपूर्ण है?

व्हाइट बैलेंस का सबसे बड़ा महत्व सही रंगों को प्राप्त करना है। विशेष रूप से कमर्शियल फोटोग्राफी में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि आप किसी प्रोडक्ट की फोटो खींच रहे हैं और उसका रंग वास्तविक रंग से अलग दिखाई देता है, तो उस प्रोडक्ट की बाजार में विश्वसनीयता और कमर्शियल वैल्यू प्रभावित हो सकती है। इसलिए प्रोफेशनल फोटोग्राफर हमेशा व्हाइट बैलेंस पर विशेष ध्यान देते हैं।

## निष्कर्ष :

व्हाइट बैलेंस फोटोग्राफी का एक बुनियादी लेकिन अत्यंत प्रभावशाली टूल है। यह केवल रंगों को सही करने का काम नहीं करता, बल्कि तस्वीर के मूड, वातावरण और कहानी को भी प्रभावित करता है। जब फोटोग्राफर रोशनी और व्हाइट बैलेंस की समझ विकसित कर लेता है, तब उसकी तस्वीरें केवल दृश्य नहीं रहतीं बल्कि वे भावना और वास्तविकता के करीब पहुँच जाती हैं। इसलिए यदि आप अपनी फोटोग्राफी यात्रा को बेहतर बनाना चाहते हैं, तो लाइट और व्हाइट बैलेंस की समझ विकसित करना बेहद जरूरी है।

उम्मीद है इस अंक का यह लेख आपको उपयोगी लगा होगा। अगले अंक में फिर मिलेंगे एक नए विषय के साथ। अपना ख्याल रखें और फोटोग्राफी की इस खूबसूरत यात्रा का आनंद लेते रहें।

स्टूडियो न्यूज
फोटोग्राफर साथियो, आप अपने जिले में होने वाली फोटोग्राफी वर्कशॉप, संगोष्ठी या फोटोग्राफी से सम्बन्धित अन्य किसी कार्यक्रम का विवरण एवं फोटो "स्टूडियो न्यूज" में छपवाने के लिये, mailtostudionews@gmail.com पर मेल करें।

पृष्ठ 4 से आगे ...

# अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

जोड़ा गया है, जबकि Close-Up Mode, सेल्फी मिरर और ऑटो एक्सपोजर जैसे फीचर्स बरकरार हैं। आसान और किफायती डिजाइन के साथ यह कैमरा नए यूजर्स के लिए खास है। साथ ही कंपनी ने Pastel Galaxy थीम वाला नया इंस्टैक्स फिल्म भी पेश किया है।

**NiSi ने लॉन्च किए Athena Prime Rewind लेंस, अपर्चर के साथ बदलता लुक**



NiSi ने Athena Prime Rewind फुल-फ्रेम सिनेमा लेंस पेश किए हैं। इन लेंस की खासियत यह है कि अपर्चर बदलने पर इनका विजुअल लुक भी बदल जाता है। वाइड अपर्चर पर सॉफ्ट और सिनेमैटिक इफेक्ट मिलता है, जबकि छोटे अपर्चर पर शार्प इमेज मिलती है। यह फिल्ममेकर्स को एक ही लेंस से अलग-अलग स्टाइल में शूट करने की सुविधा देता है।

**Ultimate Lens Hood ने लॉन्च किए नए एंटी-रिफ्लेक्शन टूल्स**



Ultimate Lens Hood ने नए अपडेटेड प्रोडक्ट्स पेश किए हैं, जो ग्लास के पीछे शूटिंग में रिफ्लेक्शन कम करने में मदद करते हैं। इस लाइनअप में कैमरा, स्मार्टफोन और एक्शन कैमरा के लिए विकल्प शामिल हैं। यह टूल्स खिड़की या एक्वेरियम जैसी जगहों पर साफ और बिना ग्लेयर वाली तस्वीरें लेने में सहायक हैं।

**Apple ने MotionVFX का अधिग्रहण किया, वीडियो एडिटिंग टूल्स होंगे मजबूत**



Apple ने MotionVFX का अधिग्रहण किया है, जो Final Cut Pro, Premiere Pro और DaVinci Resolve के लिए प्लगइन बनाती है। यह कंपनी अपने हाई-क्वालिटी मोशन ग्राफिक्स टूल्स के लिए जानी जाती है। इस कदम से Apple का वीडियो एडिटिंग इकोसिस्टम मजबूत होगा और Final Cut Pro को नए एडवांस फीचर्स मिल सकते हैं।

**GoPro के नए GP3 प्रोसेसर के साथ वीडियो क्वालिटी हुई शानदार**




GoPro ने अपने आने वाले कैमरे की वीडियो क्वालिटी का प्रदर्शन किया है, जो नए GP3 प्रोसेसर से लैस है। यह चिप पिछले प्रोसेसर से दोगुनी पिक्सल प्रोसेसिंग क्षमता देती है, जिससे बेहतर इमेज क्वालिटी मिलती है। शुरूआती वीडियो सैंपल में अधिक डिटेल, बेहतर डायनामिक रेंज और स्मूथ फुटेज देखने को मिला है।

**Llano ने लॉन्च किया R604 4-in-1 कार्ड रीडर, तेज डेटा ट्रांसफर के लिए**



Llano ने R604 4-in-1 कार्ड रीडर पेश किया है, जो तेज डेटा ट्रांसफर के लिए बनाया गया है। यह डिवाइस कई मेमोरी कार्ड फॉर्मेट को सपोर्ट करता है और फोटोग्राफर्स व वीडियोग्राफर्स के लिए उपयोगी है। कॉम्पैक्ट और आकर्षक डिजाइन के साथ यह बड़े डेटा फाइल्स को जल्दी ट्रांसफर करने में मदद करता है।

**Google ने दिखाए AI स्मार्ट ग्लासेस, फोटो तुरंत एडिट करने की क्षमता**



Google ने Gemini AI से लैस स्मार्ट ग्लासेस का प्रोटोटाइप पेश किया है, जो फोटो खींचकर तुरंत एडिट कर सकता है। यह तकनीक तस्वीरों में बदलाव कर लोगों को अलग लोकेशन पर दिखा सकती है। लाइव ट्रांसलेशन और ऑब्जेक्ट पहचान जैसी सुविधाओं के साथ यह वियरेबल AI फोटोग्राफी में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**Harlowe ने लॉन्च किया Omni 360° लाइट, कंटेंट क्रिएटर्स के लिए खास**



Harlowe ने Omni 360° 2W लाइट पेश की है, जो व्लॉगिंग और 360° कंटेंट के लिए डिजाइन की गई है। यह कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल लाइट हर दिशा में समान रोशनी देती है, जिससे शूटिंग में बेहतर रिजल्ट मिलता है। एक्शन कैमरा और मोबाइल सेटअप के लिए यह लाइट खास तौर पर उपयोगी है।

**Viltrox ने लॉन्च किया Vintage Z2 फोल्डेबल फ्लैश, पोर्टेबल लाइटिंग सॉल्यूशन**



Viltrox ने Vintage Z2 TTL फ्लैश पेश किया है, जो एक कॉम्पैक्ट और फोल्डेबल ऑन-कैमरा लाइटिंग डिवाइस है। Z1 और Z3 के बाद यह इस सीरीज का तीसरा मॉडल है। हल्के और पोर्टेबल डिजाइन के साथ यह फ्लैश रोज़मर्रा की फोटोग्राफी के लिए उपयोगी है और आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है।

**XPPen ने लॉन्च किया Artist Pro 27, 4K और 120Hz डिस्प्ले के साथ**



XPPen ने अपना नया फ्लैगशिप Artist Pro 27 (Gen 2) पेश किया है। इसमें 4K रेजोल्यूशन, 120Hz रिफ्रेश रेट और Calman-verified कलर एक्युरेसी मिलती है। यह डिस्प्ले डिजाइनर्स, फोटोग्राफर्स और वीडियो एडिटर्स के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो सटीक रंग और स्मूद विजुअल्स चाहते हैं।

**Audio-Technica ने 10 साल बाद लॉन्च किए नए ATV ऑन-कैमरा माइक्रोफोन**



Audio-Technica ने ATV-SG1 और ATV-SG1LE माइक्रोफोन पेश किए हैं, जो एक दशक बाद इस सेगमेंट में कंपनी की वापसी है। ये माइक्रोफोन डायरेक्शनल ऑडियो, नॉइज कंट्रोल और कॉम्पैक्ट डिजाइन के साथ आते हैं। SG1 में एडवांस फीचर्स जैसे सेफ्टी ट्रैक और मॉनिटरिंग मिलती है, जबकि SG1LE एक सरल विकल्प है।

**Adobe ने लॉन्च किया Firefly Custom Models, अब AI सीखेगा आपकी फोटोग्राफी स्टाइल**



Adobe ने Firefly Custom Models बीटा में लॉन्च किया है, जिससे यूजर्स अपनी फोटोग्राफी स्टाइल के आधार पर AI को ट्रेन कर सकते हैं। यह फीचर इमेज को एक समान स्टाइल और टोन में जनरेट करने में मदद करता है। यह टूल फोटोग्राफर्स और क्रिएटर्स के लिए वर्कफ्लो को आसान बनाता है।

**Increment Labs ने पेश की फोटोग्राफर्स के लिए लाइट मीटर वाली घड़ी**



Increment Labs एक खास घड़ी लॉन्च करने जा रही है, जिसमें बिल्ट-इन लाइट मीटर दिया गया है। यह घड़ी फोटोग्राफर्स के लिए डिजाइन की गई है, जिससे वे सीधे कलाई पर ही एक्सपोजर माप सकते हैं। यह डिवाइस पारंपरिक फोटोग्राफी टूल्स और आधुनिक टेक्नोलॉजी का शानदार मेल है।

**Summit Creative ने लॉन्च किया 70L कैमरा बैकपैक, बड़े लेंस के लिए खास**



Summit Creative ने Tenzing Roll Top Camera Backpack पेश किया है, जो सुपर-टेलीफोटो लेंस के लिए डिजाइन किया गया है। 70 लीटर क्षमता और एक्सपेंडेबल डिजाइन के साथ यह Canon 1200mm f/8L IS USM जैसे बड़े लेंस को आसानी से कैरी कर सकता है। यह बैकपैक वाइल्डलाइफ और प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स के लिए उपयोगी है।

**Saramonic ने लॉन्च किया Air SE वायरलेस माइक्रोफोन, मोबाइल क्रिएटर्स के लिए**



Saramonic ने Air SE वायरलेस माइक्रोफोन सिस्टम पेश किया है, जो मोबाइल क्रिएटर्स के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर के साथ काम करता है। कॉम्पैक्ट डिजाइन और आसान उपयोग के साथ यह व्लॉगिंग और इंटरव्यू के लिए बेहतरीन ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रदान करता है।

**UGreen ने लॉन्च किए Thunderbolt 5 डॉक्स, प्रो क्रिएटर्स के लिए**



UGreen ने Maxidok 17-in-1 और 10-in-1 Thunderbolt 5 डॉक्स पेश किए हैं। ये डॉक्स मल्टीपल पोर्ट्स, तेज डेटा ट्रांसफर और मल्टी-डिस्प्ले सपोर्ट देते हैं। फोटोग्राफर्स और वीडियो एडिटर्स के लिए यह डिवाइस वर्कफ्लो को आसान और तेज बनाते हैं।

**ON1 Restore AI पर सवाल, फोटो रिस्टोरेशन में आ रहे अजीब बदलाव**



ON1 ने Photo RAW MAX में Restore AI फीचर लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य पुरानी तस्वीरों को सुधारना है। लेकिन शुरूआती प्रतिक्रिया में पाया गया कि यह AI फोटो को जरूरत से ज्यादा बदल देता है और असली डिटेल्स को बिगाड़ देता है। इससे फोटोग्राफर्स में तस्वीरों की विश्वसनीयता को लेकर चिंता बढ़ी है।

**Samyang ने लॉन्च किया 35mm f/1.8 Prima लेंस, हल्का और किफायती विकल्प**



LK Samyang ने Sony E-mount के लिए AF 35mm f/1.8 Prima लेंस पेश किया है। यह लेंस सिर्फ 216 ग्राम वजन के साथ हल्का और किफायती है। ट्रैवल, स्ट्रीट और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के लिए उपयुक्त यह लेंस तेज ऑटोफोकस और बेहतर ऑप्टिकल क्वालिटी देता है। यह Samyang की Prima सीरीज का हिस्सा है।

**DJI ने लॉन्च किया Avata 360 ड्रोन, 8K इमेजिंग के साथ**



DJI ने Avata 360 ड्रोन पेश किया है, जिसमें ड्यूल Type 1 सेंसर और 8K वीडियो सपोर्ट है। यह ड्रोन 120MP तक की फोटो कैप्चर कर सकता है और इमर्सिव कंटेंट के लिए डिजाइन किया गया है। यह Insta360 को टक्कर देने के लिए बनाया गया है।

**Mint ने लॉन्च किया Sharpa Lens, Polaroid SX-70 की क्वालिटी होगी बेहतर**



Mint Camera ने Polaroid SX-70 के लिए Sharpa Lens पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह अब तक का सबसे शार्प लेंस है, जो फोटो की डिटेल और क्लैरिटी को बेहतर बनाता है। यह अपग्रेड क्लासिक कैमरे को आधुनिक क्वालिटी देता है।

**Nat Geo का नया म्यूजियम फोटोग्राफी और खोज की कहानी बताएगा**



National Geographic Society 26 जून को Washington, D.C. में Museum of Exploration खोलने जा रहा है। इस म्यूजियम में फोटोग्राफी, कहानी और वैज्ञानिक खोज को प्रमुखता दी गई है। यहां दर्शक एक्सप्लोरेशन और मानव जिज्ञासा से जुड़ी प्रदर्शनी देख सकेंगे, जिसमें फोटोग्राफी मुख्य भूमिका निभाती है।

**Thypoch Ksana 21mm f/3.5 लेंस, क्लासिक वाइड-एंगल लुक के साथ**



Thypoch ने Ksana 21mm f/3.5 लेंस पेश किया है, जो क्लासिक वाइड-एंगल लुक देता है। यह लेंस आर्किटेक्चर, लैंडस्केप और स्ट्रीट फोटोग्राफी के लिए उपयुक्त है। अल्ट्रा-वाइड लेंस में फ्रेमिंग चुनौतीपूर्ण होती है, लेकिन यह लेंस बेहतर कंट्रोल और क्रिएटिव परिणाम देने का दावा करता है।

**Godox ने लॉन्च किया Litemons LE200D, बजट में दमदार मोनोलाइट**



Godox ने Litemons LE200D LED मोनोलाइट पेश किया है, जिसकी कीमत $190 है। यह कॉम्पैक्ट डिजाइन, आसान कंट्रोल और मजबूत आउटपुट के साथ आता है। फोटोग्राफर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए यह किफायती लाइटिंग समाधान है, जो छोटे स्टूडियो और कंटेंट क्रिएशन के लिए उपयुक्त है।

**Insta360 ने लॉन्च किया Snap सेल्फी मॉनिटर, मोबाइल सेल्फी होगी बेहतर**



Insta360 ने एशिया में Snap सेल्फी मॉनिटर पेश किया है, जो स्मार्टफोन के पीछे मैग्नेटिक तरीके से जुड़ता है। यह यूजर्स को रियर कैमरा से बेहतर क्वालिटी की सेल्फी लेने में मदद करता है। यह मोबाइल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए उपयोगी डिवाइस है।

STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026

"हर फोटो में दो लोग हमेशा होते हैं, एक फोटोग्राफर और एक देखने वाला" - अंसल एडैम्स

# उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी में इन्विटेशनल फोटोग्राफी एग्ज़ीबिशन






उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश ने अपने प्रतिष्ठित "इन्विटेशनल आर्ट एग्ज़ीबिशन (सोलो शो)" के लिए प्रसिद्ध फोटोग्राफर और हमारे कॉलम राइटर अनिल रिसाल सिंह को आमंत्रित किया। यह एग्ज़ीबिशन 25 से 27 मार्च 2026 तक अकादमी की गैलरी में आयोजित की गई।

25 मार्च को इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन अनुपम, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, भारतीय मजदूर संघ द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में सिंह द्वारा अलग-अलग समय में ली गई 95 फोटोग्राफ्स प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें 1980 के दशक से लेकर अब तक का उनका काम शामिल है। इसमें अलग-अलग जॉनर की तस्वीरों से शुरूआत होती है, फिर मुख्य रूप से उत्तराखंड क्षेत्र के ब्लैक एंड व्हाइट लैंडस्केप, इसके बाद Zanskar Valley, Ladakh और Spiti Valley के रंगीन लैंडस्केप फोटोग्राफ्स प्रदर्शित किए गए हैं। इसके अलावा "फॉर्म एंड कलर" थीम पर आधारित कुछ एक्सपेरिमेंटल फोटोग्राफी भी दिखाई गई है। प्रदर्शनी के अंतिम भाग में लखनऊ रेजीडेंसी, जन्तर-मंतर और लोटस मंदिर की आर्किटेक्चरल फोटोग्राफी शामिल है।

इस एग्ज़ीबिशन में शहर के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें सुनील कुमार विश्वकर्मा, चेयरमैन, स्टेट ललित कला अकादमी तथा डॉ. अनिल रस्तोगी भी शामिल थे।

दर्शकों की रूचि को देखते हुए इस एग्ज़ीबिशन को वर्चुअली 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया। 30 मार्च को Rath Many, जो भारत में कम्बोडिया की एम्बेसडर हैं, उन्होंने भी एग्ज़ीबिशन का अवलोकन किया और विभिन्न फोटोग्राफ्स में गहरी रूचि दिखाई। इस अवसर पर लॉर्ड बुद्धा फाउण्डेशन की ओर से अनिल रिसाल सिंह को **"धम्मा स्थली आर्ट अवार्ड"** से सम्मानित किया गया।














ज्यादा बड़ा साइज़, ज्यादा शानदार इम्प्रेशन
13x39 (एल्बम)
लम्हें
THE PHOTOBOOK
हर फोटो बनेगी और भी रॉयल नया 13x39 फोटोबुक(एल्बम)
NEW
12x36 छोटा
13x39- बड़ा
अब 12x36 के रेट में अपग्रेड होकर पाएं 13x39 रॉयल साइज
☑ HD फुल रिज़ॉल्यूशन प्रिंटिंग
☑ हर फोटो और भी बड़ी, क्लियर और डिटेल में
☑ प्रीमियम फिनिश के साथ रॉयल लुक
☑ वेडिंग और प्रीमियम एल्बम के लिए परफेक्ट
☑ बड़ा साइज, ज्यादा इम्पैक्ट, ज्यादा वैल्यू
HP Indigo 15K HD
7 कलर मशीन अल्ट्रा हाई डेफिनिशन
प्रिंट क्वालिटी
KK JAIN COLOUR LAB, LUCKNOW
(MANAGED BY : KUSH OFFSET PRINTERS)
Address : 12, Ravindra Palli, Faizabad Road, Lucknow, U.P. - 226016 | Email : kkjaincolourlab@gmail.com | Website : www.kkjaincolourlab.com
+91 9305103409, 7607999306, 9956740444, 9936375813

STUDIO NEWS
लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026

‘ शटर को क्लिक करने से बेहतर है लोगों के साथ क्लिक किया जाए - अल्फ्रेड



International Exhibition **PHOTOGRAPHY VIDEOGRAPHY, DIGITAL IMAGING FRAME & ALBUM** Industry

Exhibition **PICTURE FRAME & GIFTING** Solutions - 5th Edition

# Image TODAY ASIA

# INDIA FRAME & GIFT EXPO

PICTURE FRAME GIFTING SOLUTIONS

## Fri 10 | Sat 11 | Sun 12 APRIL 2026

## Hall 12a, Pragati Maidan

# NEW DELHI

SUPPORTED BY

PAUP PHOTOGRAPHERS ASSOCIATION UTTAR PRADESH

MEDIA PARTNER

स्टूडियो न्यूज

ORGANISERS

BUY SELL interactions


CELEBRATING 25th YEAR













CONCURRENT SHOW

Exhibition for **SIGNAGE, LED LASER, 3D & DIGITAL PRINTING** Industry - *18th Edition*

DPS EXPO DIGITAL PRINT & SIGN

Exhibition on **LED WALLS** for **VIDEO, SIGNAGE & DISPLAY** Industry

LEDWALLEXPO VIDEO▪SIGN▪DISPLAY

**For Stall Booking Contact : BUYSELL INTERACTIONS PRIVATE LIMITED**

**70924 89181 / 63694 52532 / 70137 56679 / 93457 1334 info@buysellint.biz, www.buysellint.com**

RNI No. : UPHIN/2017/74695, **स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक** - सुरेंदर सिंह बिष्ट, शॉप नं. 3, शान्ति मार्केट, लक्ष्मणपुरी गेट, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ - 226016 द्वारा ज्ञान प्रिंटर्स, 207, 208 लेखराज मार्केट-2, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016 से प्रकाशित।
**सम्पादक - सुरेंदर सिंह बिष्ट,** फोन - 9335915600, 0522-4108575, ई-मेलः mailtostudionews@gmail.com, वेबसाइट : www.studionews.co.in